# 174 एकड़ में विकसित होगा लाजिस्टिक पार्क

जासं, ग्रेटर नोएडा: ग्रेटर नोएडा में मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क विकसित किया जाएगा। इसे सेक्टर कप्पा दो में 174 एकड़ में विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण ने मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क के लिए भूखंड योजना लांच की है। इसमें 11 हजार वर्गमीटर की दर से भूखंड आवंटन होगा। प्राधिकरण की वर्तमान दरों के सापेक्ष यह दर सबसे कम है। लाजिस्टिक पार्क में 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

नोएडा एयरपोर्ट, डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर आदि के कारण गौतमबुद्ध नगर लाजिस्टिक पार्क आकर्षक क्षेत्र बन गया है। प्राधिकरण बोड़ाकी के निकट मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क विकसित कर रहा है। इसके अतिरिक्त एक और मल्टी माडल लाजिस्टिक पार्क को भूखंड योजना लांच की गई है। इसे पाली और मकौड़ा गांव की जमीन पर बनाए गए कप्पा दो सेक्टर में विकसित होगा। लाजिस्टिक पार्क में तकरीबन पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। सीधे तौर पर 15 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। लाजिस्टिक पार्क में भूखंड आवंटन को कंपनियों को कम से कम 1,200 करोड़ निवेश प्रस्ताव देना होगा, जिसमें भूखंड लागत शामिल नहीं है। आवेदकों के पास कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, विशेष रूप से आइसीडी या रेल टर्मिनल संचालन में।

**1,200** करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव देना होगा कंपनियों को कम से कम